## संपादकीय

# दबाव और नरमी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने साल की पहली मौद्रिक नीति में मुख्य ब्याज दर रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। तमाम बैंक इसी दर पर आरबीआई से कर्ज उठाते हैं और यह 5.15 फीसदी पर ही स्थिर रहेगी। ऐसे में कर्ज लेने वालों को भारत के केंद्रीय बैंक की तरफ से कोई राहत नहीं मिलने जा रही है, हालांकि इसे भी आरबीआई का नरम रुख माना जा रहा है।

बढ़ती हुई मुद्रास्फीति को देखते हुए विश्लेषकों को लग रहा था कि 2019 में रेपो रेट में रिकॉर्ड पांच बार कटौती करने के बाद रिजर्व बैंक नए साल की शुरुआत ब्याज में सख्ती के साथ कर सकता है। अनुमान था कि 2020-21 में उसे बढ़े राजकोषीय घाटे का दबाव झेलना पड़ेगा इसलिए रेपो रेट बढ़ाना उसके लिए अधिक स्वाभाविक है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को बढ़ाकर जीडीपी का 3.8 फीसदी कर दिया है। पहले इसे 3.3 प्रतिशत रखा गया था।

रिजर्व बैंक का कहना है कि वृद्धि दर की तुलना में मुद्रास्फीति की तेज रफ्तार को देखते हुए उसने रेपो रेट में कटौती न करने का फैसला किया। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच दूध और दालों की कीमत में बढ़ोतरी के कारण जनवरी-मार्च तिमाही के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया गया है। आरबीआई ने इसे बहुत अनिश्चित बताते हुए कहा कि भविष्य में खुदरा महंगाई का अनुमान खाद्य महंगाई, कच्चे तेल की कीमत और सेवाओं के लिए इनपुट लागत के आधार पर लगाया जाएगा। वैसे उसने माना कि रबी फसलों के बाजार में आने से खाद्य महंगाई की दर दिसंबर में दर्ज उच्च स्तर से नीचे आएगी।

आरबीआई ने अनुमान जाहिर किया कि कारोबारी साल 2020-21 में मॉनसून सामान्य रहेगा, जिससे अगले कारोबारी साल की पहली छमाही में खुदरा महंगाई दर घटकर 5.0-5.4 फीसदी पर और अगले कारोबारी साल की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2020) में और घटकर 3.2 फीसदी पर आ सकती है। बैंक का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2020-21 में देश की जीडीपी ग्रोथ छह फीसदी रहेगी, जबकि उसके पहले छह महीने में वृद्धि दर 5.5 फीसदी से छह फीसदी रहने का अनुमान है। आरबीआई के मुताबिक वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 6.2 फीसदी रह सकती है। मौद्रिक नीति में कमर्शल रीयल्टी लोन लेने वालों के लिए बड़ा निर्णय किया गया है। उचित कारणों से हुई देरी पर अब लोन डाउनग्रेड नहीं होगा। यानी अगर कोई डिवेलपर किसी वजह से कर्ज समय पर नहीं चुका पाता है तो उसके कर्ज को एक साल तक एनपीए घोषित नहीं किया जाएगा। रीयल्टी सेक्टर को इससे काफी राहत मिली है।

# ब्रिटेन की अदालत ने अनिल अंबानी को 10 करोड़ डॉलर जमा करने कहा

**लंदन (आरएनएस)।** ब्रिटेन की एक अदालत ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को शुक्रवार को निर्देश दिया कि वह छह सप्ताह के भीतर 10 करोड़ डॉलर की राशि जमा करें। अदालत चीन के शीर्ष बैंकों की एक अर्जी की सुनवाई कर रही थी जिसमें अनिल अंबानी से 68 करोड़ डॉलर की वसूली की मांग की गई है।



इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक आफ चाइना लि. की मुंबई शाखा ने अपनी ओर से, चाइना डेवलपमेंट बैंक और एक्जिम बैंक आफ चाइना ने अंबानी के खिलाफ सरसरी तौर पर पैसा जमा कराने का आदेश जारी करने की अपील की। इन बैंकों का कहना है कि अनिल अंबानी ने फरवरी, 2012 में पुराने कर्ज को चुकाने के लिए करीब 92.5 करोड़ डॉलर के कर्ज के लिए कथित तौर पर व्यक्तिगत गारंटी का पालन नहीं किया है। अंबानी (60) ने इस तरह की किसी गारंटी का अधिकार देने की बात का खंडन किया।

ऋण अनुबंध के तहत इसीलिए बैंकों ने यह मामला ब्रिटेन की अदालत के सामने रखा है। न्यायाधीश डेविड वाक्समैन ने 10 करोड़ डॉलर की राशि जमा करने के लिए अंबानी को छह सप्ताह की समयसीमा देते हुए कहा कि वह अंबानी के बचाव में कही गई इस बात को नहीं मान सकते कि उनका नेटवर्थ लगभग शून्य है या उनका परिवार संकट की स्थिति में उनकी मदद नहीं करेगा।

रिलायंस ग्रुप ने अदालत के फैसले के खिलाफ अपील करने का संकेत दिया। अनिल अंबानी के एक प्रवक्ता ने कहा, ''श्री अंबानी ब्रिटिश अदालत के आदेश की समीक्षा कर रहे हैं और अपील के संबंध में कानूनी सलाह लेंगे।'

# गूगल सीईओ का अकाउंट हैक करने वाले ग्रुप ने फेसबुक को बनाया निशाना

**» ट्विटर और इंस्ट्राग्राम अकाउंट किया हैक**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हैकिंग के मामले आजकल बढ़ते जा रहे हैं। यूजर्स के बाद अब बड़ी टेक कंपनियां को भी अपने अकाउंट्स को हैकिंग से बचाने में मुश्किल आ रही है। ऐसा ही कुछ दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया साइट फेसबुक के ट्विटर, इंस्टाग्राम और मैसेंजर अकाउंट के हैक होने की खबर है।



माइक्रो ब्लॉगिंग प्लैटफॉर्म ट्विटर ने कन्फर्म किया है कि फेसबुक और फेसबुक मेसेंजर के ऑफिशल ट्विटर अकाउंट्स को हैक कर लिया गया था। इस हैकिंग को हैकिंग ग्रुप अवरमाइन ने अंजाम दिया है। हालांकि अब सभी अकाउंट को री-स्टोर कर लिया गया है। बता दें कि अवरमाइन ग्रुप इससे पहले गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और ट्वीटर के सीईओ जैक डॉर्सी का अकाउंट हैक कर चुका है। इसी ग्रुप ने इसी साल जनवरी में यूएस नेशनल फुटबॉल लीक टीम का अकाउंट हैक किया था। अवरमाइन ने फेसबुक के ट्विटर अकाउंट को हैक करके पोस्ट किया, हाय, हम लोग अवरमाइन हैं। वेल, फेसबुक को भी हैक किया जा सकता है, लेकिन इसकी सिक्योरिटी कम-से-कम ट्विटर से मजबूत है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.6 अरब डॉलर बढ़कर 471.3 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई (आरएनएस)।** देश में 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.607 अरब डॉलर बढ़कर 471.3 अरब डॉलर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति बढ़ने से मुद्रा भंडार बढ़ा है। रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को छठी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में कहा था कि विदेशी मुद्रा भंडार चार फरवरी को रिकार्ड 471.4 अरब डॉलर पहुंच गया।



इससे पूर्व 24 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.535 अरब डॉलर बढ़कर 466.693 अरब डॉलर पहुंच गया था। आलोच्य सप्ताह में मुद्रा भंडार में वृद्धि का कारण विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में वृद्धि है। कुल भंडार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी मुद्रा परिसपंत्ति 4.329 अरब डॉलर बढ़कर 437.248 अरब डॉलर रही। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति को डॉलर में बताया जाता है।

# बर्थडे पर गर्लफ्रेंड ने रोनाल्डो को गिफ्ट की 6 करोड़ की कार

**तुरिन।** पुर्तगाली फुटबाल सुपरस्टार क्रिस्टीयानो रोनाल्डो की गर्लफ्रेंड जार्जिना रोड्रिग्वेज ने उनके 35वें जन्मदिन पर 6.50 करोड़ रुपए की चमचमाती कार गिफ्ट की है। इटली के क्लब जुवेंतस के लिए खेलने वाले रोनाल्डो अपने जन्मदिन के दिन जब तुरिन के एक हाईएंड रेस्टोरेंट से रोड्रिग्वेज तथा अपने बेटे क्रिस्टीयानो रोनाल्डो जूनियर के साथ डिनर करके बाहर निकले तो अपने सामने आई नई मर्सिडीज ब्राबस 800 वाइडस्टार को देखकर दंग रह गए।

# पूर्व पाकिस्तानी बल्लेबाज जमशेद को हुई 17 महीने की जेल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज नसीर जमशेद को स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में 17 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। जमशेद को ब्रिटिश के नागरिक युसूफ अनवर और मोहम्मद इजाज के साथ साजिश रचने के आरोप में राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने गिरफ्तार किया था। जमशेद को 17 महीने, अनवर को 40 महीने और इजाज को 30 महीनों की सजा सुनायी गयी है।

जमशेद पर फरवरी 2018 में दुबई में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में इस्लामाबाद यूनाइटेड और पेशावर जलमी के बीच मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन नहीं करने के लिए उकसाने का आरोप साबित हुआ है। इन तीनों लोगों ने अपना जुर्म स्वीकार किया था जिसके बाद इन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जमशेद पर पीएसएल में खिलाड़ियों को स्पाट फिक्सिंग के लिए उकसाने का भी आरोप था। उन्होंने शरजील खान को इस्लामाबाद टीम के लिए दूसरे ओवर में दो डॉट गेंद फेंकने के लिए कहा था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हालांकि शरजील पर इसके लिए पांच वर्षों का प्रतिबंध लगा दिया था। इससे पहले पीसीबी की भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने जांच के बाद जमशेद पर 10 वर्षों का प्रतिबंध लगाया था। जमशेद ने पाकिस्तान के लिए दो टेस्ट, 48 वनडे और 18 टी-20 मुकाबले खेले हैं।



# एसबीआई के बाद एक और होगा देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक

**कोलकाता (आरएनएस)।** कोलकाता में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी है कि केंद्र सरकार जल्द ही पंजाब नैशनल बैंक, यूनाइटिड बैंक ऑफ इंडिया और ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के विलय के बाद अस्तित्व में आने वाले नए बैंक का नाम और लोगो की घोषणा करेगी। विलय के बाद ये जो नया बैंक बनेगा वो भारतीय स्टेट बैंक के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक होगा, जिसकी कुल बाजार पूंजी 18 लाख करोड़ रुपये की होगी। यूबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विलय के बाद नए बैंक की पहचान बनाने के लिए नाम व लोगो बहुत महत्वपूर्ण है और इसको लेकर तीनों सरकारी बैंकों के साथ उच्च स्तर पर चर्चा की गई है। अधिकारी ने यह भी कहा कि प्रक्रियाओं के मानकीकरण और सामंजस्य के लिए तीनों बैंकों द्वारा गठित 34 समितियों ने पहले ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। तीनों बैंकों के विलय के बाद नए बैंक में कर्मचारियों की कुल संख्या करीब एक लाख हो जाएगी।



» एक लाख कर्मचारी करेंगे काम

# अमेरिका में जनवरी महीने में 2,25,000 रोजगार सृजित

**वाशिंगटन (आरएनएस)।** अमेरिका में जनवरी माह में भारी संख्या में नयी नौकरियां सृजित हुई हैं। सरकारी आंकड़े के अनुसार खेती को छोड़कर विभिन्न क्षेत्रों में 2,25,000 लोगों को रोजगार मिला। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जनवरी से किसी एक महीने में रोजगार में यह सर्वाधिक बढ़ोतरी है। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिये वरदान साबित हो सकता है। महाभियोग प्रस्ताव खारिज होने के बाद ट्रंप अब नवंबर में होने वाले चुवान में जीत हासिल करने को लेकर आर्थिक उपलब्धियों को जोर-शोर से रेखांकित कर सकते हैं। अमेरिकी श्रम विभाग के अनुसार अमेरिका में खेती को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में 2,25,000 नई नौकरियां सृजित हुई हैं। यह उम्मीद से कहीं अधिक है। मुख्य रूप से निर्माण और होटल क्षेत्र में ये नौकरियां सृजित हुई हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य और परिवहन क्षेत्र में भी लोगों को काम मिला है।

## आज का राशिफल

*मेषः* आज आपको दिन के पहले हिस्से में दूसरों की आर्थिक मदद करने में ही अपना समय गुजारना पड़ सकता है।

*वृषभः* आज दिन की शुरुआत नौकरी से जुड़ी समस्याओं को हल करने से होगी।

*मिथुनः* आज आप दूसरों के इमोशंस को पहचानें और उनके अनुसार चलेंगे तो आपको काफी संतोष होगा।

*कर्कः* आज आपके पास खुद को साबित करने के कई मौके आएंगे। उन मौकों को पहचानकर उन पर खरा उतरना आपकी जिम्मेदारी है।

*सिंहः* आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। किसी से वाद विवाद या बहसबाजी में आपकी जीत हो सकती है।

*कन्याः* आज आपके ऊपर ढेर सारी जिम्मेदारियां निभाने का दिन है। घर के सभी पुराने लटके हुए कामों को पूरा करने का मौका मिलेगा।

*तुलाः* आज आप अपनी पुरानी देनदारी चुकाने में कामयाब हो जाएंगे। कुछ जरूरी सामान की शॉपिंग करनी पड़ सकती है।

*वृश्चिकः* आज का दिन आपको बहुत बिजी रखेगा। दिन के पहले हिस्से में कुछ जरूरी फोन कॉल्स और ईमेल्स का जवाब देना जरूरी होगा।

*धनुः* आज आपको आपके कर्मक्षेत्र यानी ऑफिस में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं।

*मकरः* आज सुबह से ही किसी नए प्रोग्राम को लेकर आपके अन्दर नई शक्ति और एनर्जी रहेगी।

*कुंभः* आज दिन के पहले हिस्से में आपको छुटपुट धन का लाभ होने की संभावना है। कोई भी नौकरी शुरुआत में छोटी या बड़ी नहीं होती।


*मीनः* आज आप अपने में मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं। अपना काम करते रहें। सफलता एक दिन जरूर आपके कदम चूमेगी।

# अजय की फुटबॉल पर बेस्ड अपकमिंग फिल्म मैदान को मिली नई रिलीज डेट

**अपने ड्रीम प्रॉजेक्ट तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर से लोगों को इम्प्रेस करने के बाद अजय देवगन एक बार फिर दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए तैयार हैं।**

अब वह स्पॉर्ट्स ड्रामा मैदान में दिखेंगे। बीते दिनों मेकर्स ने फिल्म से अजय के फर्स्ट लुक को रिलीज किया था जिसे फैंस ने काफी पसंद किया। अब फिल्म की नई रिलीज डेट अनाउंस कर दी गई है।

लेटेस्ट रिपोर्ट्स की मानें तो अजय की फिल्म अब 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह 27 नवंबर 2020 के लिए शेड्यूल थी।




डायरेक्टर अमित शर्मा की यह फिल्म भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम वर्षों पर आधारित है। इसमें अजय लेजंडरी कोच सैयद अब्दुल रहीम के किरदार में दिखेंगे जिन्होंने भारतीय फुटबॉल का फाउंडिंग फादर कहा जाता है।

सैयद इंडियन फुटबॉल कोच थे और 1950 से 1963 तक इंडियन नैशनल टीम के मैनेजर थे। उन्हें मॉडर्न इंडियन फुटबॉल का आर्किटेक्ट भी कहा जाता है। मैदान हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषा में रिलीज होगी।

# ऐक्शन के साथ इंडियाना जोन्स का रीमेक बनाएंगे सलमान खान

यह कहना गलत नहीं होगा कि सलमान खान बॉक्स ऑफिस नंबर्स के मामले में सबसे सफल भारतीय हीरोज में से एक हैं। उनके खाते में दबंग, टाइगर, वॉन्टेड, किक जैसी फ्रैंचाइज है। अब चर्चा है कि इस लिस्ट में एक और फ्रैंचाइज को जोड़ने जा रहे हैं।



एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह फ्रैंचाइज इंडियाना जोन्स की कल्ट सीरीज से प्रेरित है। बताया जा रहा है कि सलमान तीन पार्ट की सीरीज के साथ आ सकते हैं जो कि इंडियाना जोन्स सीरीज से रिलेटेड होगी। यह अडैप्शन नहीं होगी बल्कि हैरिसन फॉर्ड जैसे कैरक्टर से इंस्पायर्ड होगी। बता दें, हैरिसन फॉर्ड ऑर्कियॉलजी का प्रफेसर है जो अडवेंचर फ्रीक है।

उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म इस साल फ्लोर पर जा सकती है और इसमें काफी सारा ऐक्शन होगा। इस बीच सलमान के फैंस उनकी राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई, कभी ईद कभी दीवाली और किक 2 जैसी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

बता दें, सलमान आखिरी बार दबंग 3 में नजर आए थे। इस फिल्म से महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने बॉलिवुड डेब्यू किया था। इन दिनों सलमान बिग बॉस 13 को होस्ट कर रहे हैं और रेटिंग्स के मामले में इसने कई रेकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं।

# प्याज के मसालेदार परांठे बनाने की विधि

## सामग्री :-

4 कटोरी आटा, 2 प्याज, 1 छोटा टुकड़ा अदरक, 2 हरी मिर्च, 1 कप हरा धनिया, चुटकीभर हल्दी, 1/2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादानुसार, तेल पराठे सेंकने के लिए, पानी आटा गूंदने के लिए।



## विधि :-

(1) सबसे पहले प्याज, अदरक, हरी मिर्च और हरा धनिया को बारीक काट लें।

(2) अब धीरे-धीरे पानी डालते हुए आटा गूंद लें. आटा न ज्यादा सख्त हो और न ही ज्यादा मुलायम. (3) दूसरी ओर एक परात में आटे में नमक, हल्दी और अजवाइन डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

(4) तय समय के बाद सारी कटी हुई चीजों को एकसाथ मिक्स कर इसमें लाल मिर्च पाउडर और नमक मिलाएं।

(5) लगभग 20 मिनट के लिए आटे को एक सूती कपड़े से ढककर रख दें.

(6) लोई को गोलाकार में बेल लें। बीच में प्याज का मिश्रण भरकर इसे फोल्ड करते हुए पोटली बनाएं।

(7) अब आटे की लोइयां तोड़ लें।

(8) तवे के गरम होते ही इसपर रोटी डालकर सेंके।

(9) मीडियम आंच पर एक तवा गरम करने के लिए रखें।

(10) अब सूखा आटा लगाकर इसे दोबारा बेल लें।

(11) तैयार है प्याज का मसालेदार पराठा. इसी तरह से सभी पराठे सेंक लें।

(12) जब यह एक साइड से सिक जाए तो तेल लगाकर इसे पलटते हुए दूसरे साइड से भी सेंक लें।

# शब्द सामर्थ्य- 28

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 27 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

# सू-दोकू- 28

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.27 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |